# खेरेश्वर में मांस रखने वाले की जमानत पर फैसला आज

अदालत से

**मंदिर समिति ने आरोपी शिक्षक के निलंबन की रिपोर्ट भी कोर्ट में की दाखिल**

**अलीगढ़।** प्राचीन खेरेश्वर धाम स्थित शिवमंदिर में मांस रखने वाले प्राथमिक विद्यालय के निलंबित शिक्षक अनवारुद्दीन की जमानत याचिका पर मंगलवार को निर्णय हो सकता है।

मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कोर्ट में आरोपी के निलंबन की रिपोर्ट भी कोर्ट में दाखिल की है। अधिवक्ताओं की बहस भी हो चुकी है। अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध किया है।

चार नवंबर को खेरेश्वर धाम मंदिर के पुजारी प्रह्लाद गिरी ने लोधा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि 31 अक्तूबर को धुर्रा माफी बड़ी मस्जिद के पीछे रहने वाले अनवारुद्दीन ने मंदिर में पहुंचकर मांस के टुकड़े रखे थे।

यह घटना सीसीटीवी में दिख रही थी। चार नवंबर की सुबह 10 बजे पुजारी पूजा-पाठ करने के बाद मंदिर के पास खड़े थे। इसी दौरान अनवारुद्दीन मंदिर में शिवलिंग के पास पहुंचकर मांस के टुकड़े रखने लगा। पुजारी ने उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी। मंदिर समिति के सदस्यों से उसे दबोच लिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था।

बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह का कहना था कि अनवारुद्दीन चंडौस विकास खंड के गणेशपुर विद्यालय में सहायक शिक्षक पद पर कार्यरत था। वह काफी समय से विद्यालय से अनुपस्थित था। सामाजिक व धार्मिक भावनाओं को भड़काने के उद्देश्य से किए गए कृत्य के कारण उसे निलंबित किया गया था। ब्यूरो

# संदीप सिंह की शादी में पीएम मोदी समेत सियासत के दिग्गज जुटेंगे

## 26 नवंबर को दिल्ली के द लीला होटल में होगा विवाह, रिसेप्शन 27 को

अमर उजाला ब्यूरो



मंत्री संदीप सिंह।

**रिसेप्शन में अलीगढ़ से शामिल होंगे एक हजार से अधिक लोग**

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले 27 नवंबर के कार्यक्रम में अलीगढ़ से भी एक हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसमें पार्टी पदाधिकारियों से लेकर उद्यमी, अधिकारी, गणमान्य जन, जनप्रतिनिधि आदि शामिल हैं। कुछ लोग एक दिन पहले ही दिल्ली पहुंच जाएंगे। इसके लिए उन्होंने चाणक्यपुरी में होटल भी बुक करा दिए हैं। यह होटल द लीला के पास ही है।

**अलीगढ़।** बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और उनके भाई सौरभ सिंह के विवाह के बहाने प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व, केंद्र सरकार के मंत्रियों, संघ के प्रमुख पदाधिकारियों और लोधी समाज के दिग्गजों का जमावड़ा दिल्ली में लगेगा। परिवार ने आयोजन को तीन अलग-अलग चरणों में करने की तैयारी की है।

दोनों भाइयों की सगाई का कार्यक्रम अलीगढ़ में संपन्न हो चुका है। अब 26 नवंबर को दिल्ली के द लीला होटल में विवाह का मुख्य समारोह होगा। इसमें करीब 200 विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के कुछ चुनिंदा मंत्रियों को भी निमंत्रण भेजा गया है। दोनों परिवारों के सदस्यों व करीबी लोगों की मौजूदगी में यह आयोजन होगा।

27 नवंबर को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रिसेप्शन प्रस्तावित है। इसमें करीब 10 हजार मेहमानों के पहुंचने की व्यवस्था की जा रही है। अतिथि सूची में भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के नेता, केंद्रीय मंत्री, संगठन के पदाधिकारी और कल्याण सिंह के राजनीतिक सफर के पुराने सहयोगियों को जगह दी गई है। उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

इस आयोजन का एक अहम पक्ष लोधी समाज के राजनीतिक और सामाजिक नेतृत्व की भागीदारी भी है। कल्याण सिंह का इस समाज में व्यापक प्रभाव रहा है। उनके राजनीतिक दौर से जुड़े पुराने चेहरों के साथ वर्तमान पीढ़ी के नेताओं की मौजूदगी भी समारोह को खास बनाएगी। अलीगढ़ के कई प्रमुख लोगों को भी निमंत्रण भेजा गया है।

इधर, दिसंबर में लखनऊ में एक और कार्यक्रम आयोजित किए जाने की चर्चा है। हालांकि इसकी तारीख और स्वरूप को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि इसमें प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन से जुड़े प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया जा सकता है।

# जिले में हर महीने 1.5 करोड़ अंडों का हो रहा उत्पादन

**अलीगढ़।** सर्दी की शुरुआत होते ही अंडों की मांग बढ़ने लगी है। इन दिनों 30 अंडे की क्रेट थोक में लगभग 200 रुपये मिल रही है, जिसमें एक अंडा लगभग 6.50 रुपये का पड़ रहा है। फुटकर बाजार में यही क्रेट 210 से 215 रुपये में पड़ रही है, जिसमें एक अंडा 7.20 रुपये का पड़ रहा है।

दुकानदार साढ़े सात रुपये में एक अंडा बेच रहे हैं। जनपद में हर महीने लगभग डेढ़ करोड़ से अधिक अंडों का उत्पादन हो रहा है, लेकिन इसकी कीमतें पंजाब और हरियाणा से तय हो रही हैं।

जनपद में रोजाना लगभग सात से आठ लाख अंडों की मांग है, स्थानीय स्तर पर पांच लाख अंडों का उत्पादन हो रहा है। शेष तीन लाख अंडों की आपूर्ति पंजाब और हरियाणा से आ रही है। अंडों के बड़े फॉर्म हाउस के संचालक विशाल राठी ने बताया कि पंजाब और हरियाणा में रोजाना करोड़ों अंडों का उत्पादन हो रहा है।

मलखान सिंह जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. जगवीर वर्मा ने बताया कि अंडा बेहद पौष्टिक होता है। यह अच्छा पोषण देता है। एक अंडे में 6 ग्राम प्रोटीन, पांच ग्राम वसा, 0.5 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है, जो 71 कैलोरी बनाता है। ब्यूरो

- एक मुर्गी रोजाना 110 से 115 ग्राम दाना खाती है।
- मुर्गी जितना दाना खाती है, उससे आधे वजन का अंडा देती है।
- एक अंडे का औसत वजन 55 से 60 ग्राम होता है।
- 24 से 28 घंटे में एक मुर्गी एक अंडा देती है।
- मुर्गी 100 हफ्ते बाद अंडा देना शुरू कर देती है।
- अंडा वाले लेयर और चिकन वाले ब्रायलर फार्म कहलाते हैं।
- कॉक.400, कॉक.100 और काक 400 वाई प्रजाति चिकन के लिए उत्तम हैं।
- बीबी 300 और बोमेन्स केवल अंडा उत्पादन के लिए है।
- सरकार की ओर से प्रति मुर्गी या मुर्गा 1.20 रुपये में बीमा होता है।

# ईवीएम से वोट डालने का सीखेंगे तरीका

## 20 से होगा प्रदर्शन, मतदाता सूची से जोड़ने के लिए लगेंगे विशेष शिविर

अमर उजाला ब्यूरो

**18 साल के युवाओं को भी जोड़ने की तैयारी**

अभियान में उन युवाओं को भी शामिल किया जाएगा, जो एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्तूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करेंगे। नए मतदाता बनने के लिए फार्म-6 और निवास स्थान बदलने पर फार्म-8 भरवाया जाएगा। इसमें बीएलओ और निर्वाचन अधिकारी मदद करेंगे।

अधिकारियों को शिविरों में पंजीकरण और लाभार्थियों का रिकॉर्ड रखने के साथ प्रत्येक सोमवार को प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की कोशिश है कि चुनाव से पहले मतदाता मतदान प्रक्रिया से परिचित हों और कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

**अलीगढ़।** विधानसभा चुनाव-2027 से पहले मतदाता ईवीएम से वोट डालने का तरीका सीख सकेंगे। इसके लिए 20 नवंबर से जिले में प्रदर्शन अभियान शुरू होगा। केंद्रों पर ईवीएम का बटन दबाने से लेकर वीवीपैट की कार्यप्रणाली तक की जानकारी दी जाएगी। साथ ही नए मतदाताओं को सूची से जोड़ने के लिए विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि जिले में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यहां लोगों को ईवीएम से मतदान करने की प्रक्रिया और वीवीपैट की कार्यप्रणाली समझाई जाएगी। अभियान चुनाव की अधिसूचना जारी होने तक चलेगा। इसके लिए सभी रिटर्निंग ऑफिसर और संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

**श्रमिकों और युवाओं पर रहेगा खास फोकस :** प्रशासन अब उन लोगों तक भी पहुंचेगा, जो किसी कारणवश मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करा सके हैं। इसके लिए तालानगरी औद्योगिक क्षेत्र, ईंट-भट्ठों, श्रमिक कॉलोनियों और निर्माण स्थलों पर पंजीकरण शिविर लगाए जाएंगे।

प्रवासी श्रमिकों, बेघर व्यक्तियों और वंचित वर्गों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप श्रमायुक्त, अलीगढ़ मंडल को अभियान का नोडल अधिकारी बनाया है।

# अलीगढ़ में भी ठहरेगी कानपुर आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कानपुर सेंट्रल से किया रवाना**

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश और एनसीआर के बीच रेल संपर्क को और बेहतर करने के लिए ट्रेन नंबर 14153/14154 कानपुर सेंट्रल-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का संचालन शुरू कर दिया गया है। सोमवार को इसका उद्घाटन रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। कानपुर से दोपहर साढ़े तीन बजे चलकर यह ट्रेन अलीगढ़ शाम को अलीगढ़ पहुंची।

उद्घाटन के दिन इसको ट्रेन नंबर 04195 से संचालित किया गया। अलीगढ़ में कुछ देर ठहरने के बाद ट्रेन आनंद विहार के लिए रवाना हो गई। इसमें 22 आधुनिक एलएचबी कोच लगाए गए हैं। यह ट्रेन फफूंद (औरैया), इटावा, टूंडला, फिरोजाबाद, हाथरस, अलीगढ़, खुर्जा, दादरी और गाजियाबाद होते हुए आनंद विहार पहुंचेगी।

**ट्रेनों और बसों में रही भीड़ :** दिवाली और छठ मनाने के बाद अब कामगारों का दिल्ली-एनसीआर जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। हजारों कामगार और श्रमिक लगातार ट्रेनों और बसों से दिल्ली एनसीआर जा रहे हैं। जिससे अधिकांश ट्रेनों और बसों में भीड़ हो रही है।

रेलवे प्रशासन ने इस भीड़ को बेहतर सेवाएं देने के लिए 12 अतिरिक्त त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है, लेकिन यह भी भीड़ के आगे कम पड़ गईं हैं। ब्यूरो

# हरदुआगंज पावर हाउस की चारों यूनिटें बंद

**जवां (अलीगढ़)।** हरदुआगंज तापीय परियोजना कासिमपुर पावर हाउस की चारों यूनिटों से रविवार की देर रात से बिजली का उत्पादन ठप हो गया है।

अधिशासी अभियंता नवीन निश्चल ने बताया कि बिजली की मांग कम होने पर लखनऊ मुख्यालय के आदेश पर चारों यूनिटें बंद की गई हैं। अग्रिम आदेशों तक सभी चारों यूनिटें बंद रहेंगी। बताते हैं कि मौसम में नमी के कारण लखनऊ मुख्यालय के आदेश पर आठ, नौ और दस नंबर यूनिटें रविवार देर रात बंद कर दी गईं, जबकि सात नंबर यूनिट पहले से ही बंद चल रही है। चारों यूनिटें सुचारू रूप से चलने पर प्रतिदिन 1270 मेगावाट बिजली का उत्पादन प्रतिदिन होता है, जो इस समय शून्य हो गया है। संवाद


S.S. MEDI CENTRE
Masoodabad Chowk, G.T. Road, Aligarh
हड्डियों की जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर
Bone Health & BMD Camp
ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) की समय पर जाँच, रोकथाम एवं उपचार के लिए विशेष शिविर
शिविर की सुविधाएँ
BMD टेस्ट क्यों जरूरी है?
- हड्डियों की मजबूती का आकलन
- ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) की समय पर पहचान
- फ्रैक्चर (हड्डी टूटने) के जोखिम को कम करना
- विशेषकर 40 वर्ष से अधिक आयु, महिलाओं (मेनोपॉज के बाद) एवं गर्भवती/पोषण-रहित लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

निःशुल्क OPD (ऑर्थोपेडिक परामर्श)
निःशुल्क BMD टेस्ट (हड्डियों की घनता की जांच)
निःशुल्क शुगर टेस्ट (रक्त शर्करा की जांच)
X-Ray जांच ~~₹500~~ → ₹200
पंजीकरण शुल्क : ₹100 मात्र
मंगलवार, 17 नवम्बर, 2026 | समय: प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
Dr. Ujjawal Singhal
MS Orthopaedics (AMU), FIJR, FIASM
Fellowship in Joint Replacement & Arthroscopy (Artemis Hospital, Gurugram)
Consultant Orthopaedic Surgeon
अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें : 7300849391 | S.S. Medi Centre, Masoodabad Chowk, G.T. Road, Aligarh


## जमीन पर दिखे समाधान : मंडलायुक्त

**अलीगढ़।** सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने वाले फरियादियों को अब सिर्फ आश्वासन देकर टरकाया नहीं जा सकेगा। शिकायत का निस्तारण फाइलों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखना चाहिए। सोमवार को जनता दर्शन के दौरान मंडलायुक्त ओपी आर्य ने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंडलायुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में दूर-दराज से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व, जमीन विवाद और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामले प्रमुखता से सामने आए। उन्होंने फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को बारीकी से देखा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

भूमि विवाद और अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतों पर मंडलायुक्त ने विशेष सख्ती दिखाई। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की जाए। टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करे और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करे। ब्यूरो

## शहीद पत्रकारों को दी श्रद्धांजलि

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर मॉडर्न उर्दू शिक्षा समिति की ओर से भुजपुरा स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रेस : आम आदमी की आवाज विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता मरियम फातिमा ने की और संचालन मोहम्मद फहद खान ने किया। इस दौरान शहीद पत्रकारों को श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी में प्रदेश महामंत्री बाबा फरीद आजाद, मजहर उद्दीन, मोहम्मद नदीम खान थे। ब्यूरो


अमर उजाला
यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।
अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें
1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक
circulation@amarujala.com


(सम्मन)
न्यायालय किराया कानून प्राधिकरण, ए.डी.एम. सिटी, अलीगढ़
आवेदन संख्या- 14154 सन 202 6
श्रीमती नाजमीन बनाम श्री मानस जिन्दल
**प्रापक:** मानस जिन्दल पुत्र भी मनीष कुमार जिन्दल किरायेदार दुकान नं. 6 व 7 नाज प्लाजा सेंटर पाइंट अलीगढ़ .... **विपक्षी**
मेरे न्यायालय में आवेदक भूस्वामी श्रीमती नाजमीन ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा-21 कानन किरायेदारी विनियम अधिनियम संख्या-16 सन 2021 में उपरोक्त वाद प्रस्तुत किया है, जिसमें आपसे दुकानों के किराये की बसूली एवं आपकी बेदखली हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस संदर्भ में आपको जो भी आपत्ति अथवा लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना है, वह स्वयं या विधिक रूप से अधिकृत प्रतिनिधि अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में मय प्रमाणित कागजात के दिनांक 07-12-2026 को समय 10.30 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। यदि ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन का श्रवण और उसका निस्तारण एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। आज दिनांक 16/11/2026 को मेरे न्यायालय की मुद्रा एवं हस्ताक्षर कर जारी किया गया। - मुंसरिम


पेशाब-प्रोस्टेट दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
पेशाब
गुर्दा
पथरी
आयुष्मान कार्ड धारक भी सम्पर्क करें
डॉ. एस.एस. पॉल
पूर्व चिकित्सक : अपोलो हॉस्पीटल
पथरी का तरंगों द्वारा इलाज उपलब्ध ESWL
प्रोस्टेट व पथरी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन (TURP, PCNL, URSL)
पुरुषों में नपुंसकता का इलाज (सैक्स सम्बन्धित समस्या)
पॉल नर्सिंग होम
श्री डॉक्टस (जूनियर) वाली गली रामघाट रोड, अलीगढ़-202001
9897011180



UTTAR PRADESH MEDICAL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A Government of Uttar Pradesh Undertaking)
Tender Notice
Tender Ref.No: UPMSCL/Drugs-270/23 Dated: 12-11-2026
e-TENDER FOR SUPPLY OF DRUGS
Online tenders are invited from licensed manufacturers for supply of drugs to UPMSCL. The details of tender, list of items and Tender Documents are made available on website https://etender.up.nic.in and www.upmsc.in. The last date/time of online submission of the tender documents is 03rd December, 2026 up to 15:00 Hrs.
Managing Director
UPMSCL, Lucknow, Uttar Pradesh
Department of Medical Health & Family Welfare, Uttar Pradesh



डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित)
गैर-शैक्षणिक (नॉन-टीचिंग) पदों के लिए भर्ती सूचना
No. AUD/55-1(154)/Rect./2026/1140 दिनांक: 12.11.2026
डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, जो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय है, योग्य उम्मीदवारों से निम्नलिखित गैर-शैक्षणिक (नॉन टीचिंग) पदों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम | वेतन स्तर | रिक्तियों की संख्या एवं श्रेणी | उम्र सीमा | भर्ती का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डिप्टी रजिस्ट्रार | लेवल -12 | 01 (SC-1) | 50 वर्ष से अधिक नहीं | सीधी भर्ती |
| 2. | असिस्टेंट रजिस्ट्रार" | लेवल - 10 | 01 (OBC-1) | 35 वर्ष से अधिक नहीं | सीधी भर्ती |
| 3. | स्टैटिस्टिकल ऑफिसर | लेवल -7 | 01 (UR-1) | 35 वर्ष से अधिक नहीं | सीधी भर्ती |
| 4. | स्टेनो | लेवल -4 | 03 (UR-3) | 32 वर्ष से अधिक नहीं | सीधी भर्ती |

# असिस्टेंट रजिस्ट्रार का 01 पद, 'बेंचमार्क दिव्यांगता' (PwBD) वाले व्यक्तियों के लिए 'क्षैतिज आरक्षण' के आधार पर आरक्षित है। इसके लिए आवश्यक कार्यात्मक योग्यताएं और 'बेंचमार्क दिव्यांगता' की उपयुक्त श्रेणी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 07.01.2021 को जारी भारत सरकार के राजपत्र के अनुसार तय की जाएंगी। साथ ही, भारत सरकार (DoPT का 15.01.2018 का कार्यालय ज्ञापन) और दिल्ली सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अन्य निर्देश भी लागू होंगे।
नोट-
1. योग्यता, पात्रता मानदंड, सामान्य निर्देश, ऑनलाइन आवेदन पत्र, शुल्क भुगतान और अन्य विवरणों के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aud.delhi.gov.in पर जाएं।
2. विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aud.delhi.gov.in/ पर विस्तृत विज्ञापन जारी होने के बाद ऑनलाइन आवेदन शुरू हो जाएंगे।
3. ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि "एम्प्लॉयमेंट न्यूज"/"रोजगार समाचार" में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से तीन (03) सप्ताह तक है।
कुलसचिव
लोथियन रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006, ईमेल: careersnts@aud.ac.in
उच्च शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
DIP/Shabdarth/Classified/ 0290/26-27



पंजाब नैशनल बैंक ..... मरोसे का प्रतीक
pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
परिसंपत्ति वसूली प्रबंधन शाखा अलीगढ़
पता: सांई विहार मदन पैलेस के सामने
गांव : तलासपुर कलां, रामघाट रोड, अलीगढ़ 202001
Email: cs8183@pnb.bank.in, Phone No. 9897049997

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 व 9 के तहत जन साधारण हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, अचल संपतियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु जन सूचना।

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) और/या नियम 9(1) (लागू अनुसार) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपतियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जन साधारण एवं विशेषतः ऋणकर्ताओं व गारंटरों को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी गई/प्रभारित निम्न उल्लेखित अचल संपति, जिसका निर्माणात्मक/ भौतिक कब्जा इस बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, इसे संबंधित ऋणकर्ताओं व गारंटरों से बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता की बकाया देय राशि की वसूली के लिए यहां निम्न उल्लेखित तालिका में उल्लेखितानुसार तिथि को ''जैसे है जहां है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर'' बेचा जाऐगा। आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि जमा संबंधित संपतियों के प्रति निम्न तालिका में उल्लेखितानुसार है।

प्रत्याभूतित परिसंपत्तियों का ब्यौरा

| लॉट नं. | शाखा का नाम एकाऊंट का नाम | रेहन रखी गई अचल संपतियों का ब्यौरा/मालिक का नाम (संपतियों के रेहनकर्ता) | ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि और बी) बकाया राशि / सी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि / डी) कब्जे का प्रकार भौतिक/निर्माणात्मक | ई) आरक्षित मूल्य / एफ) ईएमडी (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि) / जी) बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| | | नीलामी की तिथि एवं समय : 03.12.2026 एवं पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे | | |
| 1. | पीएनबी- सिविल लाईंस अलीगढ़ (051100) अमरीन क्यूम पुत्री एस. अब्दुल क्यूम | *श्रीमती अमरीन क्यूम पुत्री अब्दुल क्यूम के नाम पर अम्बर अपार्टमेंट, ढोरा माफी, तहसील कोल अलीगढ़ में फ्लैट नं. सी-3 में स्थित फ्लैट एरिया 102 वर्ग मी. की सभी जरूरी चीजों का न्यायोचित रेहन, सीमाएं निम्नानुसार : पूर्व : सरफूदुदीन की संपत्ति, पश्चिम : हशीम्मूदीन की संपत्ति, उत्तर : कादिर और याकूब का घर, दक्षिण : कॉमन रास्ता, स्टेयर तथा लिफ्ट। * डीआरटी इलाहाबाद में दर्ज एसए 850/2018 में निर्णय के अधीन | A) 28.06.2023 / B) Rs.22,24,808/- ब्याज व अन्य खर्चे के साथ, वसूली, यदि है को घटाकर / C) 04.01.2024 / D) निर्माणात्मक | E) Rs. 30,49,000/- / F) Rs. 3,04,900/- (03.12.2026) / G) Rs. 10000/- |
| 2. | पीएनबी - सिविल लाईंस अलीगढ़ (051100) मै. अनीका ट्रेडिंग कम्पनी प्रोप. पूजा वार्ष्णेय, श्रीमती पूजा वार्ष्णेय पत्नी श्री पुष्कर वार्ष्णेय | मौजा पाला साहिबाबाद, भडेसी रोड मोहल्ला हनुमान पुरी अलीगढ़ 202001 उ.प्र. में खेत नं. 3 प्लॉट नं. 6 के भाग पर स्थित म्यूनिसिपल नं. 19/262 पर स्थित श्रीमती पूजा वार्ष्णेय पत्नी श्री पुष्कर वार्ष्णेय के नाम पर आवासीय संपति की सभी जरूरी चीजें, माप 83.60 वर्ग मी.। सीमाएं : पूर्व : कन्हैया लाल का मकान, पश्चिम : मुन्नी देवी का मकान, उत्तर: दिलीप चौहान का मकान, दक्षिण : रास्ता 20 फुट | A) 12.02.2024 / B) Rs.32,25,254/- ब्याज व अन्य खर्चे के साथ, वसूली, यदि है को घटाकर / C) 09.08.2024 / D) निर्माणात्मक | E) Rs. 22,76,100/- / F) Rs. 2,27,610/- (03.12.2026) / G) Rs. 10,000/- |
| 3. | पीएनबी-जी.टी. रोड अलीगढ़ (656200) मैसर्स ट्रायोबायो फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रॉप- अनुज प्रताप सिंह पुत्र श्री राज कुमार सिंह, श्री राज कुमार सिंह पुत्र श्री मेघ सिंह, श्रीमती कमलेश कुमारी पत्नी श्री राज कुमार सिंह | (1) सब रजिस्ट्रार द्वितीय कोल अलीगढ़ के कार्यालय में बही सं.1, जिल्द नं. 770 पेज नं.19-38 क्रमांक सं. 5052 में दिनांक 29.08.2003 को तथा (2) सब रजिस्ट्रार द्वितीय कोल अलीगढ़ के कार्यालय में बही सं. 1, जिल्द नं. 770 पेज नं. 39-58 क्रमांक सं. 5053 में दिनांक 29.08.2003 में पंजीकृत सेल डीड नं. द्वारा 200 वर्ग गज माप एरिया का 5/132बी नगला मौलवी, खेत नं. 62 तहसील कोल अलीगढ़ में स्थित श्री राज कुमार सिंह पुत्र मेघ सिंह तथा कमलेश कुमारी पत्नी राज कुमार सिंह की आवासीय सम्पत्ति, जिसकी कॉमन सीमाएं निम्नानुसार हैं- पूर्व- श्री विजय अग्रवाल का प्लॉट, पश्चिम- मुकेश का प्लॉट, उत्तर- रास्ता सरकारी 20' चौड़ा, दक्षिण- अन्य का प्लॉट | A) 31.05.2021 / B) Rs.48,15,284.63/- ब्याज व अन्य खर्चे के साथ, वसूली, यदि है को घटाकर / C) 25.09.2021 / D) निर्माणात्मक | E) Rs. 42,65,460/- / F) Rs. 4,26,546/- (03.12.2026) / G) Rs. 10,000/- |
| 4. | पीएनबी अतरौली, अलीगढ़ (459900) श्रीमती पूनम देवी पत्नी श्री राजीव कुमार, श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री धवल सिंह | गाटा संख्या 238 (भाग), अतरौली पट्टी नजफ खान (श्याम वाटिका कॉलोनी), तहसील अतरौली, जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में स्थित श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री धवल सिंह के नाम पर आवासीय संपत्ति की सभी जरूरी चीजें। क्षेत्रफल 125.42 वर्ग मीटर सीमाएँ: पूर्व: अन्य का प्लॉट, पश्चिम: 25 फुट चौड़ा रास्ता, उत्तर: अन्य का प्लॉट, दक्षिण: अन्य का प्लॉट | A) 29.04.2022 / B) Rs.25,22,022.84/- ब्याज व अन्य खर्चे के साथ, वसूली, यदि है को घटाकर / C) 15.07.2022 / D) निर्माणात्मक | E) Rs. 11,99,700/- / F) Rs. 1,19,970/- (03.12.2026) / G) Rs. 10,000/- |
| 5. | पीएनबी रामघाट रोड अलीगढ़ (066710) मीना देवी पत्नी सोन पाल सिंह (सोनपाल सिंह के कानूनी वारिस) रामेश्वर दयाल पुत्र शेख चंद (गारंटर) | गता नं. 333 का भाग, राम नगर कालोनी, रसूलपुर स्वाद कस्बा परगना व तहसील कोल जिला अलीगढ़ (उ.प्र.) 202001 में स्थित श्री सोनपाल सिंह पुत्र श्री शेख चंद के नाम पर आवासीय सम्पत्ति की चीजें। माप 55.73 वर्ग मी. सीमाएं- पूर्व- रास्ता 16 फुट चौड़ा, पश्चिम- रामेश्वर का मकान, उत्तर- आराजी किशन लाल, दक्षिण- किशन लाल का मकान | A) 24.04.2025 / B) Rs.12,29,501.22/- ब्याज व अन्य खर्चे के साथ, वसूली, यदि है को घटाकर / C) 26.08.2025 / D) निर्माणात्मक | E) Rs. 25,20,000/- / F) Rs. 2,52,000/- (03.12.2026) / G) Rs. 10,000/- |

नोट : प्रत्याभूतित ऋणदाता को ज्ञात ऋणभार की जानकारी : कोई ऋणभार ज्ञात नहीं

शर्तें व नियम : यह बिक्री प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्न अतिरिक्त शर्तों के तहत होगी :
1. सम्पत्तियों की बिक्री ''जैसे है जहां है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर'' पर की जाएगी।
2. उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, परन्तु प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या विलोपन हेतु उत्तरदायी नहीं होगा।
3. बिक्री वेबसाईट https://baanknet.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के जरिये अधोहस्ताक्षरी द्वारा 03.12.2026 पर पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 4.00 बजे तक पर की जाएगी।
4. बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया https://baanknet.com & www.pnbindia.in. पर जाएं।

दिनांक : 16.11.2026, स्थान : अलीगढ़ | प्राधिकृत अधिकारी-प्रत्याभूतित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक